प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0,
सिचाई खण्ड, देहरादून

Contact No:- +91-135-2769738
Fax: +91-135-2769738
email:
eepmgsydehradun@rediffmail.com

पंत्राक 149 /पी.एम.जी.एस.वाई./सिं.ख.–दे.दून / दिनांक 12 /02/2020

सेवा में,

**अपर प्रमुख वन सरंक्षक एवं नोडल अधिकारी,**
**वन संरक्षण, इन्दिरानगर, फॉरेस्ट कालोनी,**
**उत्तराखण्ड़, देहरादून।**

विषयः– **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून में सहस्त्रधारा (कार्लीगाड) से नालीकलां मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 9.194 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण। (FP/UK/ROAD/13657/2015)**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून का पत्रांक–8बी./सू0सी0पी0/06/100/2016/ एफ0सी0/2303/दिनांक 16.01.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयक एवं सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। उपरोक्त प्रस्ताव के विषय में अवगत कराना है, कि भारत सरकार द्वारा दिनांक 15.06.2016 को ऑनलाईन ई0डी0एस0 का प्रतिउत्तर आपत्तियों के निराकरण के साथ दिनांक 23.12.2019 को प्रस्तुत कर दिया गया था। पुनः भारत सरकार द्वारा ई0डी0एस0 दिनांक 16.01.2020 के द्वारा अवगत कराया गया, कि ई0डी0एस0 दिनांक 15.06.2016 का प्रतिउत्तर विलम्ब से प्राप्त होने के कारण प्रपोजल को पत्र दिनांक 25.09.2017 द्वारा बन्द कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है, कि विभाग द्वारा ई0डी0एस0 दिनांक 15.06.2016 का प्रतिउत्तर प्रस्तुत करके लगातार कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड़ से पत्र व्यवहार किया जाता रहा है और उनके द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण किया गया है, जिसके कारण ई0डी0एस0 दिनांक 15.06.2016 का जवाब भारत सरकार को प्रस्तुत करने में विलम्ब हुआ है।

अतः महोदय से निवेदन है, कि उक्त वन भूमि प्रस्ताव को पुर्नजीवित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः– Time line Sheet**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
भूमि सर्वेक्षण निदेशालय
वन विभाग, देहरादून

**अधिशासी अभियन्ता**
**पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड**
**6–इन्दिरा नगर, देहरादून**